आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 13.07.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए लिगेसी प्लान पर तेज़ी से काम करने के निर्देश दिए।

- चंपावत में नशा तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई; 10 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग्स के साथ महिला गिरफ्तार।

- कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब; हरिद्वार में यात्रा के पहले दो दिन में दस लाख से अधिक कांवड़िये पहुंचे।

- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सेब उत्पादक किसानों को उनकी पैदावार की पैकेजिंग सुनिश्चित करने के लिये सेब की पेटियां जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

लिगेसी प्लान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेलों को नई दिशा देने के लिए लिगेसी प्लान पर तेज़ी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को खेल अधोसंरचना के स्थायी और प्रभावी उपयोग की कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने को कहा है, ताकि राज्य के खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलती रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड की खेल यात्रा में ऐतिहासिक मोड़ साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि लिगेसी प्लान के तहत राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं अब प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उपयोग होंगी। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और हल्द्वानी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। इसके अलावा राज्य के आठ शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को आज खेल भूमि के रूप में देखा जा रहा है, जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। सरकार मैदानों से लेकर पहाड़ों तक खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है।

नशा तस्कर गिरफ्तारी

चंपावत पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 करोड़ रुपए से अधिक की 5 किलो 688 ग्राम एम०डी०एम०ए ड्रग्स के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह उत्तराखंड में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक चंपावत अजय गणपति ने बताया कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड अभियान के तहत नेपाल सीमा से लगे शारदा नहर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान एक महिला को संदिग्ध स्थिति में नहर की ओर भागते देखा गया। तलाशी लेने पर महिला के बैग से भारी मात्रा में एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

महिला के दोनों साथी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने पिथौरागढ़ जिले के थल क्षेत्र में एक लैब बनाकर नशीले पदार्थ तैयार किए थे, जिसे मुंबई जैसे बड़े शहरों में भेजा जाता था।

सक्रियता

देहरादून जिला प्रशासन पेयजल आपूर्ति की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय है। 14 अप्रैल से 12 जुलाई तक जिला कंट्रोल रूम को पेयजल से जुड़ी 216 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 209 का समाधान कर लिया गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में भी हर घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए। उन्होंने जल स्रोतों और टैंकों का नियमित क्लोरीनेशन कर पानी की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। श्री बंसल ने कहा कि पेयजल से जुड़ी शिकायतें मिलने पर उन्हें उसी दिन सुलझाया जाए।

पेयजल समस्याओं की निगरानी के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। साथ ही 20 अप्रैल से 7 विभागों के अधिकारी हर वक्त कंट्रोल रूम में तैनात हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर संकटग्रस्त क्षेत्रों में नियमित निगरानी की जा रही है और ट्यूबवेल तथा नलकूपों पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 0135–2726066 व 1077 पर भी कार्रवाई जारी है।

मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में अब सरकारी सेवाओं में चयन का आधार केवल मेरिट, प्रतिभा और योग्यता है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे पूरे विश्वास और लगन से परीक्षाओं की तैयारी करें, क्योंकि अब चयन पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत अब तक 60 से अधिक फर्जी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और सावन मास व चारधाम यात्रा के दौरान यह ऑपरेशन सख्ती से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि के मूल स्वरूप और अस्तित्व को बचाने के लिए सरकार लव जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और कठोर भू–कानून लागू कर अनावश्यक लैंड बैंक पर रोक लगाई गई है।

कांवड यात्रा

श्रावण मास के कांवड़ मेले की शुरुआत के साथ ही हरिद्वार भक्ति के रंग में सराबोर हो गया है। प्रशासन के अनुसार, शुरुआती दो दिनों में करीब 10 लाख कांवड़िए हरिद्वार पहुंचे, जो पवित्र गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। पुलिस के अनुसार बड़ी संख्या में कांवड़ियों की मौजूदगी के बावजूद व्यवस्थाएं सुचारू हैं। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा की लगातार निगरानी की जा रही है और अभी तक कहीं भी ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है कि किसी को कोई परेशानी न हो लेकिन अगर कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था को चुनौती देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इधर, पौड़ी जिले में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने लक्ष्मणझूला मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ की स्थिति में रामझूला से प्रवेश और जानकी पुल से निकास के लिए वन–वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

सेब उत्पादक किसान

कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सेब उत्पादक किसानों को समय पर यूनिवर्सल कार्टन यानि सेब की पेटियां उपलब्ध न होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

श्री जोशी ने कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान और बागवानी मिशन के निदेशक महेन्द्र पाल से मामले की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि करीब 4 लाख यूनिवर्सल कार्टन की मांग की गई थी, जिनमें से उत्तरकाशी के मोरी और आराकोट क्षेत्रों में पेटियां पहुंच चुकी हैं, जबकि नौगांव सहित अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति जल्द की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि पंचायत चुनाव के कारण अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में लगी होने से प्रक्रिया में कुछ देर हुई है।
कृषि मंत्री ने सख्त निर्देश दिए कि किसानों की मांग को प्राथमिकता देते हुए सभी जनपदों में सेब की पेटियां समय पर उपलब्ध कराई जाएं और किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुजरात प्रवास–धन सिंह रावत

राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान गांधीनगर स्थित राजभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में उत्तराखंड में सहकारिता और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई।
डॉक्टर रावत ने राज्यपाल को सितंबर में उत्तराखंड में आयोजित होने वाले सहकारी मेलों के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुजरात में प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए बताया कि राज्य के हर गांव में इसे बढ़ावा दिया जा रहा है और कई किसान प्रति एकड़ पांच लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से समझाना जरूरी है, तभी वे इसे पूरी तरह अपना पाएंगे। राज्यपाल ने उत्तराखंड, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती की व्यापक संभावनाओं की ओर भी संकेत किया।
डॉ. धन सिंह रावत ने बैठक में वीर माधो सिंह भंडारी संयुक्त सहकारी खेती योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाने के लिए सितंबर से सहकारी मेलों का आयोजन किया जाएगा।